तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, सोमवार 1 जून 2026

12 प्रयास की बैठक में स्वर्गरथ व मुक्तिधाम...

12 पिड़चोड़ के सामुदायिक पुलिसिंग में ग्रामीणों...




## खबर संक्षेप



### भीषण गर्मीः परलकोट के बाजारों में सन्नाटा

**पखांजुर।** परलकोट क्षेत्र इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में है। तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंचने से आम जनजीवन प्रभावित हो गया है। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोग घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं, जिसका सीधा असर स्थानीय बाजारों और व्यापार पर देखने को मिल रहा है। व्यापारी सुभाष सरकार, अमिताभ मंडल, गोपाल ब्रह्मचारी ने बताया सुबह 10 बजे के बाद से ही बाजारों में सन्नाटा छाने लगता है और शाम 4 से 5 बजे तक सड़कें लगभग सूनी नजर आती हैं। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि लगातार बढ़ रही गर्मी से दैनिक कार्यों में भी परेशानी हो रही है।

### 42 पौवा शराब जब्त एक महिला गिरफ्तार



**कांकेर।** थाना चारामा पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक महिला को गिरफ्तार किया। पुलिस को 30 मई को मुखबिर से जानकारी मिला कि मुक्तिधामपारा में अवैध रूप से शराब बेचा जा रहा है। पुलिस ने इलाके का घेराबंदी कर चारामा निवासी 56 वर्षीय सोहद्रा बाई नरेटी के घर दबिश दी। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 42 पौवा देशी प्लेन शराब तथा 200 रुपएं नगद बरामद की गई। जब्त शराब की कीमत 3 हजार 360 रुपएं है। आरोपी महिला के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34 (2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### दुर्गूकोंदल में आज समाधान शिविर

**दुर्गुकोंदल।** राज्य शासन द्वारा संचालित सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत विकासखंड दुर्गुकोंदल में ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं शासकीय योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विशेष समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत दुर्गुकोंदल में 1 जून 2026 को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक बस्तर मुन्ने अग्रणी बस्तर सुशासन तिहार एवं नियद नेल्लानार 2.0 अभियान के तहत विशेष समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में ग्राम पंचायत दुर्गुकोंदल,करामाड सिहारी, भंडार डिग्गी,खुटगाव हानपतरी सहित आसपास के अनेक ग्राम पंचायतों के ग्रामीण अपनी समस्याएं लेकर पहुंचेंगे।

# हरे सोने की सुरक्षा में लापरवाही, बिना तिरपाल सड़कों पर दौड़ रहे तेंदूपत्ता भरे वाहन

प्रदेश की अर्थव्यवस्था और वनवासियों की आजीविका से जुड़े बहुमूल्य वनोपज तेंदूपत्ता के परिवहन में गंभीर लापरवाही देखने को मिली। हरा सोना कहे जाने वाले तेंदूपत्ते को कापसी वन परिक्षेत्र में खुले वाहनों के जरिए बिना तिरपाल ढके परिवहन किया जा रहा है। विभागीय नियमों की खुलेआम अनदेखी से जहां करोड़ों रुपये मूल्य की वनोपज की गुणवत्ता प्रभावित होने का खतरा बढ़ गया है, वहीं वन विभाग की निगरानी व्यवस्था भी सवालों के घेरे में आ गई है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/कापसी

जानकारी के अनुसार तेंदूपत्ता संग्रहण के बाद उसके सुरक्षित परिवहन के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश निर्धारित किए गए हैं। नियमों के तहत तेंदूपत्ता से भरे वाहनों को तिरपाल से पूरी तरह ढंकना अनिवार्य होता है, ताकि धूल, तेज हवा, बारिश और अन्य प्राकृतिक प्रभावों से पत्तों को नुकसान न पहुंचे। इसके बावजूद कापसी वन परिक्षेत्र में कई वाहन खुलेआम बिना तिरपाल के तेंदूपत्ता ढोते देखे गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस प्रकार के परिवहन से तेंदूपत्तों के उड़ने, खराब होने और उनकी गुणवत्ता घटने की आशंका बनी रहती है। तेंदूपत्ता प्रदेश की महत्वपूर्ण वनोपजों में शामिल है और इससे हर वर्ष करोड़ों रुपये का राजस्व प्राप्त होता है। ऐसे में परिवहन के दौरान बरती जा रही लापरवाही को गंभीर माना जा रहा है। गौरतलब है कि तेंदूपत्ता संग्रहण एवं परिवहन कार्यों की निगरानी के लिए नोडल अधिकारी, पोषक अधिकारी, अभिरक्षक, फड़ मुंशी, प्रबंधक तथा वनमंडलाधिकारी (डीएफओ) तक की जिम्मेदारी तय रहती है। इसके अलावा एसडीओ स्तर के अधिकारियों को भी विशेष निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी जाती है। इसके बावजूद नियमों का पालन नहीं होना विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है।

**कापसी क्षेत्र में बिना तिरपाल परिवहन के मामले आए सामने**

- डीएफओ बोले नियम तोड़ने वालों पर होगी कार्रवाई
- निगरानी के लिए तैनात अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल



**नियम तोड़ने पर होगी कार्रवाई**

पश्चिम वनमंडल भानुप्रतापपुर के वनमंडलाधिकारी नवीन कुमार ने कहा कि विभाग द्वारा दो दिन पूर्व ही स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं कि बिना तिरपाल ढके तेंदूपता का परिवहन नहीं किया जाए। यदि कहीं भी नियमों का उल्लंघन पाया जाता है तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**अधिकारियों की उदासीनता**

*स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता के कारण आवश्यक सुरक्षा मानकों का पालन नहीं हो रहा है। हाल ही में तेंदूपता से भरे एक ट्रक में आग लगने की घटना ने भी सुरक्षा व्यवस्था की कमजोरियों को उजागर किया था, जिसमें ट्रक सहित बड़ी मात्रा में तेंदूपत्ता जलकर नष्ट हो गया था।*

## अपराध : चोरी की सोलर प्लेट और उपकरण ओडिशा में खपाते थे

# खेतों से सोलर पंप उड़ाने वाला गिरोह का भंडा फूटा व दो ने कबूल की चोरी

किसानों की मेहनत और आधुनिक खेती के सपनों पर लगातार डाका डाल रहे सोलर पंप चोर गिरोह का आखिरकार भंडाफोड़ हो गया है। खेतों में सिंचाई के लिए लगाए गए सोलर पंपों की प्लेटें और अन्य उपकरण चोरी कर उन्हें ओडिशा में बेचने वाले गिरोह की करतूतों से पूरे क्षेत्र के किसान परेशान थे। पुलिस की कार्रवाई के बाद अब इस गिरोह के कई कारनामे उजागर हो रहे हैं। चोरों की गिरफ्तारी की खबर मिलते ही ऐसे किसान भी सामने आने लगे हैं, जिन्होंने पहले चोरी की शिकायत तक दर्ज नहीं कराई थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जानकारी के अनुसार नरहरपुर क्षेत्र में बड़ी संख्या में किसान आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाते हुए सोलर पंप के माध्यम से सिंचाई कर अपनी आय बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत लगाए गए सोलर पंप किसानों के लिए वरदान साबित हो रहे थे, लेकिन इसी बीच सक्रिय हुए चोरों के एक गिरोह ने किसानों की मेहनत पर पानी फेरने का काम शुरू कर दिया।

बताया जा रहा है कि गिरोह के सदस्यों ने शुरुआत में एक-दो स्थानों पर सोलर प्लेट पैनल सिस्टम, सोलर पंप, स्टार्टर एवं केबल वायर और अन्य सामग्री चोरी की। चोरी की सामग्री को ओडिशा में आसानी से बेचकर उन्हें अच्छा मुनाफा मिला। इसके बाद यह उनके लिए नियमित धंधा बन गया। गिरोह एक साल में क्षेत्र के कम से कम 16 किसानों के खेतों में लगे सोलर पंपों से प्लेटें, बैटरियां और अन्य उपकरण चोरी कर चुका था।

### एक चोरी में सफलता मिली फिर सिलसिला किया जारी

**नरहरपुर क्षेत्र के 16 किसानों को बनाया शिकार अब मिली राहत**



### चोरी करना स्वीकार किया, उड़ीसा में बेचते थे सामान

*कांकेर जिले के चारामा थानांतर्गत बागडोंगरी के कुम्हारपारा निवासी 38 वर्षीय जगदीश बंजारा पिता छक्कन बंजारा और नरहरपुर थानांतर्गत निवासी 27 वर्षीय परमेश्वर राठौर पिता सोमनाथ राठौर पर संदेह गहराने पर थाना नरहरपुर में पूछताछ के लिए बुलाया गया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपने साथी उड़ीसा राज्य के जिला नवरंगपुर के थाना कुंदई के ग्राम कोरडीही निवासी 25 वर्षीय मंहगू मरकाम पिता राम मरकाम के साथ मिलकर कांकेर जिले नरहरपुर विकासखंड के विभिन्न क्षेत्रों से सोलर प्लेट पैनल सिस्टम, सोलर पंप, स्टार्टर एवं केबल वायर चोरी कर मैजिक वाहन से उड़ीसा ले जाकर बेचने की बात स्वीकार की।*

**चोरी की सामग्री बरामद**

*नरहरपुर पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे एवं निशानदेही पर 60 नग सोलर प्लेट पैनल, 07 सेट सोलर फ्रेम, 14 नग सोलर पंप, 14 नग स्टार्टर, बड़ी मात्रा में केबल वायर बरामद किया , जिस सामग्री की कुल अनुमानित कीमत 25 लाख 60 हजार रुपये आंकी गई है। इसके अलावा चोरी में प्रयुक्त वाहन वाहन क्रमांक सीजी 19 बीडब्ल्यू 0434, कटर मशीन, टूल किट जिनकी कुल कीमत लगभग 07 लाख रुपये है, को भी जब्त किया गया। इस प्रकार पुलिस द्वारा कुल 32 लाख 60 हजार रुपये मूल्य की संपत्ति बरामद की गई है।*

**नरहरपुर पुलिस ने की कार्रवाई**

*सोलर चोरी के मामले की कार्यवाही में थाना प्रभारी नरहरपुर निरीक्षक सोमेश सिंह बघेल, सउनि बुधारूराम मरकाम, प्रधान आरक्षक संवलुराम नेताम, आरक्षक नीलेश साहू, रैन कुमार जैन, पवन मरकाम, थाना चारामा से उप निरीक्षक रमेश सेठिया, प्रधान आरक्षक पचकोड शोरी, आरक्षक भागीरथी मण्डावी, चौकी दुधावा से सउनि गंगाराम शोरी, प्रधान आरक्षक परमेश्वर, आरक्षक महेश कोरेटी तथा साइबर सेल के आरक्षक हिमेश मण्डावी की भूमिका रही।*

# 63 हजार का गांजा जब्त और दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर



अवैध मादक पदार्थों के कारोबार के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। अलग-अलग स्थानों पर की गई छापेमार कार्रवाई में पुलिस ने 1 किलो 270 ग्राम गांजा, नगदी राशि और इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन जब्त की है। जब्त सामग्री की कुल कीमत 63 हजार 250 रुपये आंकी गई है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में नशे का अवैध कारोबार करने वालों में हड़कंप मच गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 30 मई को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम पीव्ही 37 रूपनगर तिराहा के पास एक व्यक्ति गांजा बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा है। जानकारी मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम आशुतोष जोद्दार (58 वर्ष), निवासी पीव्ही-44 लखनपुर बताया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से प्लास्टिक थैले में रखे 850 ग्राम गांजा, 500 रुपये नगद तथा एक इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन बरामद की गई। जब्त गांजे की कीमत लगभग 42 हजार 250 रुपये आंकी गई है। इसी क्रम में पुलिस को एक अन्य सूचना मिली कि पीव्ही132 निवासी मिलन सरकार 50 वर्षीय अपने घर में गांजा छिपाकर बिक्री कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने उसके घर पर दबिश दी। तलाशी के दौरान घर की परछी में पलंग के नीचे रखे मिट्टी के चूल्हे के भीतर से 420 ग्राम गांजा बरामद किया गया। जब्त गांजे की कीमत लगभग 21 हजार रुपये बताई गई है। दोनों मामलों में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना पखांजुर में अपराध क्रमांक 104/2026 एवं 106/2026 के तहत धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की है।

**कार्रवाई टीम में यह रहे शामिल**

इस सफल कार्रवाई में उपनिरीक्षक अनिल पालेश्वर, एएसआई वेदन सलामे, एएसआई समोद शर्मा, प्रधान आरक्षक भुवन देहारी, लिहेन्द्र देवांगन, उत्तम मंडल, कमल पाल, डोमेश्वर यामले, जोसेफ बड़ा, पवन सोम, परमेश्वर कुंजाम, रिजवान कुरैशी, मिथुन नेगी तथा महिला आरक्षक सरोज मंडावी सहित थाना पखांजुर के पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# अनियंत्रित नया ट्रैक्टर भोथा मोड़ पर पलटा, युवा चालक की मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

बिलासपुर से पखांजुर शोरूम तक नए ट्रैक्टर की डिलीवरी करने निकला युवा चालक कभी अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच सका। भोथा मोड़ के पास हुए दर्दनाक सड़क हादसे में ट्रैक्टर के अनियंत्रित होकर पलट जाने से 21 वर्षीय युवा चालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

जानकारी के अनुसार पॉवरट्रैक कंपनी का नया और बिना नंबर का सोल्ड ट्रैक्टर सड़क मार्ग से बिलासपुर से रायपुर होते हुए पखांजुर शोरूम पहुंचाया जा रहा था। शनिवार दोपहर करीब 2 से 2:30 बजे के बीच ट्रैक्टर ग्राम पुरी के समीप स्थित भोथा मोड़ पर पहुंचा। इसी दौरान अचानक सोल्ड ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे पलट गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रैक्टर



पलटने के बाद चालक उसके नीचे दब गया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। हादसा इतना भीषण था कि चालक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के थाना अमृतपुर अंतर्गत ग्राम हरसिंहपुर गड़वार निवासी 21 वर्षीय गंगाधर पिता संतोष कुमार के रूप में हुई है। बताया गया कि वह वर्तमान में बिलासपुर बस स्टैंड क्षेत्र में रहकर कंपनी के लिए ड्राइविंग का कार्य करता था। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची।

▶▶| शेष पेज 10 पर



### युवक पर सब्बल से हमला, दी जान से मारने की धमकी, आरोपी हुआ फरार

**कांकेर।** कोदाभाट गांव में शनिवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब एक युवक घर में घुसकर लोहे के सब्बल से हमला कर फरार हो गया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद पीड़ित परिवार में दहशत का माहौल है। शिकायत मिलने पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कोदाभाट निवासी 47 वर्षीय अरूण प्रधान थाना कांकेर में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि शनिवार सुबह करीब साढ़े 6 बजे वह अपने परिवार के साथ घर के पीछे स्थित बाड़ी में था। इसी दौरान घर के अंदर से अचानक चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनाई दी। आवाज सुनकर वह तत्काल घर के भीतर पहुंचा तो देखा कि गांव का ही अनिकेत नेताम पिता जीवन नेताम मेरे छोटे भाई कामता प्रसाद प्रधान पर लोहे के सब्बल से हमला कर रहा था।

▶▶| शेष पेज 10 पर

# ग्राहकी के अभाव में गोदामों में मक्का है जाम, समर्थन मूल्य पर खरीदी की मांग

**पिछले वर्ष 2100 से 2200 प्रति क्विंटल बिकी पर वर्तमान में 1600 से 1700 रुपये में ग्राहकी नहीं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर



परलकोट क्षेत्र के किसानों की मेहनत से तैयार हुई मक्का की फसल इस बार उनके लिए खुशहाली नहीं बल्कि चिंता का कारण बन गई है। खेतों में लहलहाई फसल कटकर घरों और गोदामों तक तो पहुंच गई, लेकिन खरीदारों के अभाव में अब किसानों की उपज बिक्री का इंतजार कर रही है। बाजार में मांग घटने और बाहरी व्यापारियों के नहीं पहुंचने से किसान आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहे हैं।

परलकोट क्षेत्र के किसान तरुण चक्रबर्ती, निताई दास, निरापद मंडल, माणिक शील और प्रशांत मिस्त्री ने बताया कि इस वर्ष मक्का खरीदने के लिए न तो बड़े व्यापारी क्षेत्र में पहुंचे हैं और न ही स्थानीय कोचिए सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। इसके चलते किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए भटकना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि उन्होंने खेती के लिए कर्ज लिया था और फसल तैयार होने के बाद उचित मूल्य मिलने की उम्मीद थी, लेकिन वर्तमान हालात ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। किसानों के अनुसार पिछले वर्ष मक्का 2100 से 2200 रुपये प्रति क्विंटल तक बिकी थी, जबकि इस वर्ष 1600 से 1700 रुपये प्रति क्विंटल की कीमत पर भी खरीदार नहीं मिल रहे हैं। किसान गोपाल ब्रह्मचारी ने बताया कि फसल बिक्री नहीं होने से किसानों के सामने कर्ज चुकाने, घरेलू खर्च चलाने और आगामी खरीफ सीजन की तैयारी का संकट खड़ा हो गया है। यदि जल्द ही मक्का की बिक्री नहीं हुई तो किसानों को गोदाम में पड़ा मक्का सड़ जाएगा।

▶▶| शेष पेज 10 पर

# पुलिया से टकराकर बाइक नीचे गिरी युवक की मौत व साथी गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

अंतागढ़-आमाबेड़ा मुख्य मार्ग पर बांध मोड़ पुलिया के पास दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा इतना भयावह था कि बाइक पुलिया से टकराने के बाद सीधे नीचे जा गिरी। शिकायत पर पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए विवेचना में लिया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुसागांव निवासी शनिराम कावड़े 30 मई की शाम अपने साथी अनुज कोर्राम के साथ धौड़ाई से घर लौट रहा था। उसी दिन रात करीब साढ़े नौ बजे दोनों लोहत्तर चौक पहुंचे, जहां उनकी मुलाकात कुछ



दोस्तों से हुई। दोस्तों के आग्रह पर वे ग्राम तुसकाल में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए निकल पड़े। बाइक अनुज कोर्राम चला रहा था। रात करीब 10 बजे जब उनकी बिना नंबर की स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल अंतागढ़-आमाबेड़ा मुख्य मार्ग पर स्थित बांध मोड़ पुलिया के पास पहुंची, तभी चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक अत्यधिक तेज गति से चल रही थी। अनियंत्रित बाइक सीधे पुलिया से जा टकराई और दोनों युवक मोटरसाइकिल समेत पुलिया के नीचे जा गिरे। हादसे में पीछे बैठे शनिराम कावड़े के बाएं घुटने में गंभीर चोट आई, जबकि चालक अनुज कोर्राम के सिर और नाक पर गंभीर चोटें लगीं। पीछे से आ रहे दोस्तों ने दोनों को लहूलुहान हालत में देखा और तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आमाबेड़ा पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद अनुज कोर्राम को मृत घोषित कर दिया। घायल युवक की रिपोर्ट और प्रारंभिक जांच के आधार पर पुलिस ने पाया कि दुर्घटना वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाने के कारण हुई।

▶▶| शेष पेज 10 पर

## कमांडेंट अरुण देवगम ने आत्मनिर्भर महिलाओं से की मुलाकात

# कौशल प्रशिक्षण से बदली जिंदगी, ग्रामीण महिलाएं बनीं आत्मनिर्भर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

सीमावर्ती और दूरस्थ क्षेत्रों में सुरक्षा के साथ-साथ सामाजिक विकास की दिशा में भी महत्वपूर्ण कार्य कर रही 28 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल एसएसबी की पहल से कई ग्रामीण महिलाओं की जिंदगी में सकारात्मक बदलाव आया है। नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत कौशल विकास प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनी महिलाओं से कमांडेंट अरुण देवगम ने मुलाकात कर उनके अनुभव सुने और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

कमांडेंट अरुण देवगम ने कहा कि यह पहल केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन की शुरुआत है। एसएसबी का लक्ष्य अधिक से अधिक महिलाओं तक पहुंचकर उन्हें आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है, ताकि आत्मनिर्भर भारत के



निर्माण में उनकी भागीदारी और मजबूत हो सके। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने अपने संघर्ष और सफलता की प्रेरणादायक कहानियां साझा कीं। ग्राम कुहचे की अमीता उसेंडी ने सिलाई एवं ब्यूटीशियन प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वयं का कार्य शुरू किया है, वहीं ग्राम कोंडागांव की रागिनी आंचला ने ब्यूटीशियन कोर्स के माध्यम से रोजगार के अवसर विकसित किए हैं। हेमलता उइके ने सिलाई प्रशिक्षण लेकर आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाया है।

ग्राम कोहकापारा की बिराजो हिडामे एवं इमला नेगी ने भी सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वरोजगार का रास्ता अपनाया है। महिलाओं ने बताया कि एसएसबी द्वारा दिए गए प्रशिक्षण ने उन्हें रोजगारोन्मुखी कौशल प्रदान किया, जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त हुई हैं और अपने परिवार की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। उन्होंने इस पहल के लिए सशस्त्र सीमा बल के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में उपस्थित स्थानीय मीडिया प्रतिनिधियों ने भी महिलाओं से संवाद कर उनकी सफलता की कहानियों को जाना और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के सकारात्मक प्रभावों का अवलोकन किया।

**महिलाओं के सपने होंगे साकार**

*कमांडेंट अरुण देवगम ने महिलाओं की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि सशस्त्र सीमा बल केवल सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के वंचित और दूरस्थ क्षेत्रों के विकास के लिए भी निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण -आत्मनिर्भरता समाज के समग्र विकास की आधारशिला है तथा ऐसे कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं को अपने सपनों को साकार करने का अवसर प्रदान करते हैं।*

## खबर संक्षेप

### निर्जला एकादशी पर शीतल मठा का वितरण

**धमतरी।** निर्जला एकादशी के अवसर पर तपती गर्मी में राहगीरों को शीतलता एवं राहत प्रदान करने के उद्देश्य से शीतल मठा सेवा का आयोजन किया गया।
उज्जैन (मप्र) निवासी प्रवीण एवं श्रीमती नीता खंडेलवाल की बहू ऐश्वर्या खंडेलवाल ने अपने मायके धमतरी आकर राहगीरों के लिए यह सेवा कार्य किया। ऐश्वर्या, अशोक खंडेलवाल एवं श्रीमती पायल खंडेलवाल की पुत्री हैं।
इस सेवा आयोजन में उनकी छोटी बहन अंजलि खंडेलवाल ने भी सहभागिता निभाई। नन्ही शिवान्या भी पूरे उत्साह और खुशी के साथ आयोजन में सहभागिता करती नजर आई। कभी वह ट्रे में गिलास सजाना पसंद करती, तो कभी बड़े से जग को पकड़कर गिलास में मठा भरने का प्रयास करती।
इस आयोजन में पायल खंडेलवाल, अंजलि खंडेलवाल, वर्षा खंडेलवाल, प्रभा रावत, राज जैन, रीना जैन, सुमन शर्मा, सुलेखा जोशी, प्रिया पंजवानी, पिंकी खंडेलवाल, स्नेहा राठौड़, सरिता दोशी, संतोष साहू, राजा साहू, रिज़वान अली एवं घनश्याम साहू का सहयोग रहा।

### त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2026 : आज मतदान

**धमतरी।** त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2026 के तहत 1 जून को मतदान होगा। श्रम विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक शासकीय एवं निजी संस्थानों, कारखानों में 1 जून को उप निर्वाचन क्षेत्रों के अंतर्गत कार्यरत श्रमिकों, कर्मचारियों के लिए अवकाश घोषित किया गया है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम के तहत आने वाले कारखानों, स्थापनाओं में कार्यरत उन श्रमिक, कर्मचारियों के लिए मतदान के दिन 1 जून को राज्य शासन द्वारा संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में अवकाश घोषित किया गया है। ऐसे कारखाने जो सातों दिन कार्य करते हैं, वहां प्रथम एवं द्वितीय पाली के श्रमिकों को मतदान के दिन 2-2 घंटे का अवकाश घोषित किया गया और जो कारखाने निरंतर प्रक्रिया के तहत आते हैं।

### पुलिस बल का गांव-गांव में जनजागरूकता अभियान

**धमतरी।** पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार द्वारा आयोजित समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन में जिले की पुलिस ने जनसहभागिता आधारित सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए व्यापक अभियान शुरू किया है। इसके तहत सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में ग्राम प्रमुखों, जनप्रतिनिधियों, ग्राम कोटवारों, ग्राम पटेलों एवं स्थानीय गणमान्य नागरिकों की नियमित बैठकें आयोजित की जा रही हैं।

पेज 9 के शेष

### अनियंत्रित नया ट्रैक्टर...

और कंपनी के कर्मचारियों के सहयोग से ट्रैक्टर के नीचे दबे युवक को बाहर निकाला गया। उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के साथी अभय प्रताप राठौर की रिपोर्ट पर चारामा पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पंचनामा तैयार किया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### युवक पर सब्बल से...

आरोपी ने मेरे भाई के हाथ और पैर पर लगातार वार किए, जिससे उसके पैर में गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। अपने भाई को बचाने के लिए मैंने बीच-बचाव किया। इस दौरान आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। परिवार के अन्य सदस्यों के पहुंचने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल भाई को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस ने शिकायतकर्ता की शिकायत पर आरोपी अनिकेत नेताम के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115 (2), 296, 333 और 351(3) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### ग्राहकी के अभाव में...

परलकोट क्षेत्र के किसानों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि पखांजूर कृषि उपज मंडी के माध्यम से मक्का की शासकीय दर पर खरीदी सुनिश्चित की जाए। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो परलकोट क्षेत्र के सैकड़ों किसान गंभीर आर्थिक संकट में फंस जाएंगे।

### पुलिया से टकराकर...

पुलिस ने मृत चालक अनुज कोर्राम के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 281, 125 (ए) एवं 106 (1) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# किसान परिवार के श्रवण कुमार का अग्निवीर में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

कड़ी मेहनत, संघर्ष और अटूट हौसले के दम पर बड़ेराजपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत हरवेल के आश्रित ग्राम डीहीपारा के युवा श्रवण कुमार मरकाम ने भारतीय सेना के अग्निवीर भर्ती में चयन हासिल कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। साधारण किसान परिवार से आने वाले श्रवण की इस सफलता से गांव सहित आसपास के क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

श्रवण कुमार मरकाम ने वर्ष 2022 में सेना में भर्ती होने का सपना देखा और उसी लक्ष्य को लेकर तैयारी शुरू कर दी। उन्होंने पहली से बारहवीं तक की पढ़ाई गांव में रहकर पूरी की। आर्थिक परिस्थितियां सामान्य होने के बावजूद उन्होंने अपने लक्ष्य से कभी समझौता नहीं किया। वर्ष 2024 में उन्हें सेना भर्ती परीक्षा देने का अवसर मिला, लेकिन अंतिम मेरिट सूची में उनका चयन नहीं हो सका। इस असफलता से वे कुछ समय के लिए निराश जरूर हुए, मगर उन्होंने हार नहीं मानी और दोगुने उत्साह के साथ तैयारी में जुट गए। लगातार मेहनत और संघर्ष के बाद वर्ष 2025 में जगदलपुर में आयोजित चयन प्रक्रिया में श्रवण कुमार मरकाम का चयन इंडियन आर्मी अग्निवीर के लिए हो गया। चयन की खबर मिलते ही डीहीपारा गांव में हर्ष का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने इसे पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण बताया। श्रवण ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता बालसिंह मरकाम एवं कौशिल्या मरकाम, मामा सुग्रीव वट्टी, शिक्षकों और गांव के लोगों को दिया है।

**डीहीपारा के बेटा की सफलता पर गांव में मनी खुशी**



### मेहनत सच्ची हो, तो असफलता भी एक दिन बदल जाती है सफलता में

उन्होंने कहा कि "अगर लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची हो, तो असफलता भी एक दिन सफलता में बदल जाती है।" श्रवण की इस उपलब्धि पर सरपंच महेश नेताम सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उनकी माता कौशिल्या मरकाम, बड़े पापा हीरासिंह मरकाम, राजन्तिन मरकाम, गोपी मरकाम, सोनारी मरकाम, मलसाय मरकाम, गर्जन मंडावी, सुखदास नेताम, अमृत मंडावी, रमेश मंडावी, रघुनाथ मरकाम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पुलिस को मित्र, सहपाठी और बंधु मानकर समस्याएं खुलकर करें साझा: एसडीओपी

# कोंडागांव पुलिस की नई पहल 'सहयोग चौपाल' शुरू, गांव- गांव जाकर सुनीं जाएंगी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



अनुभाग में पुलिस की अभिनव पहल "सहयोग चौपाल" का शुभारंभ किया गया। इसके तहत थाना उरंदाबेड़ा के भोंगापाल एवं थाना बड़ेडोंगर के पावड़ा गांव में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं। पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में शुरू की गई।

चौपाल में एसडीओपी अभिनव उपाध्याय ने कहा कि पुलिस का कार्य केवल सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि आमजन के साथ सहयोगात्मक संबंध स्थापित कर उनकी समस्याओं के समाधान में भी भागीदारी निभाना है। उन्होंने ग्रामीणों से पुलिस को मित्र, सहपाठी और बंधु मानकर अपनी समस्याएं खुलकर साझा करने की अपील की।

कार्यक्रम में साइबर अपराधों से बचाव पर विशेष जागरूकता दी गई। लोगों को म्यूल सिम, म्यूल अकाउंट, फर्जी टोल-फ्री नंबर, फेक वेबसाइट और तथाकथित "डिजिटल अरेस्ट" जैसी साइबर ठगी के तरीकों से सावधान रहने की सलाह दी गई। पुलिस ने बताया कि लालच, लापरवाही और डर साइबर अपराधियों के सबसे बड़े हथियार हैं।

थाना प्रभारी राजकुमार सोरी एवं भोगराज ध्रुव ने स्थानीय बोली में यातायात नियमों, नशामुक्ति, नाबालिगों पर होने वाले अपराध, वाहन बीमा, ड्राइविंग लाइसेंस एवं भूमि विवादों संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी देकर ग्रामीणों को जागरूक किया। इस दौरान ग्रामीणों ने पावड़ा गांव में उप स्वास्थ्य केंद्र के पास खराब हैंडपंप और नल-जल योजना के क्रियान्वयन से जुड़ी समस्याएं पुलिस के समक्ष रखीं। पुलिस ने संबंधित विभागों से त्वरित पत्राचार कर समस्या के समाधान की प्रक्रिया शुरू करने की जानकारी दी। ग्रामीणों ने सहयोग चौपाल की सराहना करते हुए इसे पुलिस और जनता के बीच विश्वास बढ़ाने वाली पहल बताया तथा भविष्य में भी बढ़-चढ़कर भागीदारी का भरोसा दिलाया।

### गौरगांव में केशकाल पुलिस ने सुनी जनता की समस्याएं, सुझाव व शिकायतें

केशकाल। सहयोग चौपाल ग्रामीण क्षेत्रों में जनसमस्याओं के समाधान का प्रभावी मंच बनकर उभर रही है। चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं, शिकायतें और सुझाव सीधे पुलिस अधिकारियों के समक्ष रखे।



आपसी विवाद, सामाजिक मनमुटाव, भूमि संबंधी मामले, कानून व्यवस्था एवं अन्य स्थानीय मुद्दों पर खुलकर चर्चा की गई। अधिकारियों ने ग्रामीणों को कानूनी जानकारी प्रदान करते हुए आपसी सौहार्द, भाईचारे और सहभागिता की भावना के साथ रहने की समझाइश दी। साथ ही समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। इसी कड़ी में थाना केशकाल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गौरगांव में सहयोग चौपाल का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक कोंडागांव पंकज चंद्रा के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा एवं एसडीओपी अरुण नेताम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी विकास बघेल के नेतृत्व में आयोजित इस चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। विशेष बात यह रही कि /"सहयोग चौपाल/" को ग्रामीणों का सकारात्मक और उत्साहजनक प्रतिसाद मिल रहा है। लोग स्वस्फूर्त रूप से चौपाल में शामिल होकर अपनी समस्याएं पुलिस के समक्ष रख रहे हैं तथा उनके समाधान की दिशा में हो रही पहल से संतुष्टि जता रहे हैं।

# उपचुनावः मतदान दल हुआ रवाना आज सुबह 8 बजे से मतदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 01 एवं 12 में होने वाले उपचुनाव के लिए रविवार को मतदान दलों को मतदान सामग्री के साथ संबंधित मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया। निर्वाचन अधिकारी फरसगांव एसडीएम अश्वन पुसाम ने कन्या हाई स्कूल स्थित स्ट्रांग रूम से मतदान दलों को रवाना करते हुए निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के निर्देश दिए।

■ वार्ड क्रमांक 01 एवं 12 में आज डाले जाएंगे वोट

वार्ड क्रमांक 01 के लिए वन विभाग डिपो कॉलोनी स्थित शासकीय भवन तथा वार्ड क्रमांक 12 के लिए आदर्श स्कूल में मतदान केंद्र बनाए गए हैं। दोनों वार्डों में आज 1 जून को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। प्रशासन ने शांतिपूर्ण मतदान के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। इस दौरान नायब तहसीलदार निधि नेताम, थाना प्रभारी चंद्रशेखर श्रीवास, बड़े डोंगर थाना प्रभारी राजकुमार शोरी एवं नगर पंचायत सीएमओ मयंक बसंतवानी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### चुनाव प्रचार में प्रत्याशियों ने झोंकी ताकत

*वार्ड 01 में कांग्रेस ने उमेश सोना और भाजपा ने प्रेमनाग को उम्मीदवार बनाया है, जबकि वार्ड 12 में कांग्रेस की सावित्री मरकाम तथा भाजपा की छबीला नेताम मैदान में हैं। दोनों प्रमुख दलों ने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है। अब सभी की नजर मतदान प्रतिशत और परिणाम पर टिकी हुई है।*

# सुशासन तिहार बना संगीता सोरी के लिए राहत का माध्यम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में आयोजित सुशासन तिहार आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम बन रहा है। इसी क्रम में विकासखंड माकड़ी के ग्राम कोकोड़ी निवासी संगीता सोरी को समाधान शिविर में श्रम कार्ड प्रदान किया गया।



संगीता सोरी लंबे समय से श्रम कार्ड बनवाना चाहती थीं, ताकि उन्हें शासन की श्रमिक हितैषी योजनाओं का लाभ मिल सके। जानकारी और संसाधनों के अभाव में वे आवेदन नहीं कर पा रही थीं। सुशासन तिहार के तहत आयोजित माकड़ी समाधान शिविर में पहुंचकर उन्होंने श्रम कार्ड के लिए आवेदन किया। अधिकारियों और कर्मचारियों ने दस्तावेजों का सत्यापन कर त्वरित प्रक्रिया पूरी करते हुए उन्हें तत्काल श्रम कार्ड उपलब्ध कराया। श्रम कार्ड मिलने के बाद अब संगीता सोरी को विभिन्न श्रमिक कल्याणकारी योजनाओं और सामाजिक सुरक्षा सुविधाओं का लाभ प्राप्त करने में सुविधा होगी।

■ समाधान शिविर में मिला श्रम कार्ड

### गांव तक पहुंच रहा प्रशासन

संगीता सोरी ने बताया कि पहले छोटे–छोटे कार्यों के लिए कई बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे, लेकिन अब सुशासन तिहार के माध्यम से प्रशासन स्वयं गांवों तक पहुंचकर लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहा है। सुशासन तिहार के तहत श्रम कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पेंशन तथा राजस्व प्रकरणों सहित विभिन्न विभागों के आवेदनों का मौके पर निराकरण किया जा रहा है। इससे ग्रामीणों का शासन और प्रशासन के प्रति विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है।

# नगर के विभिन्न संगठनों ने रूपनारायण को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

स्वदेशी जागरण मंच, योगेश फाउंडेशन, एक पहल मॉर्निंग ग्रुप, रमसगरी गार्डन योगा ग्रुप, बेसी ग्रुप, स्टेडियम मार्निंग ग्रुप के सदस्यों ने योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा के आकस्मिक निधन पर अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की है। योगेश फाउंडेशन की संचालिका अंकिता रत्नेश मिश्रा ने कहा कि श्री सिन्हा ने योग को केवल आसन और प्रणायाम तक सीमित नहीं रखा अपितु उसे हर व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया। आयोग अध्यक्ष के रूप में उन्होंने योग शिक्षा, प्रशिक्षण और शोध को एक नई दिशा दी। स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक भूपेन्द्र मिश्रा ने कहा कि रूपनारायण सिन्हा का आकस्मिक निधन सम्पूर्ण समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।

एक पहल मॉर्निंग ग्रुप के शत्रुघ्न सिंह सोम, पवन गिरी गोस्वामी, संदीप राव, लखन सिन्हा, पार्षद पिन्टू यादव ने कहा कि स्व. रूपनारायण सिन्हा का स्नेह सरलता, संगठन क्षमता और समाज के प्रति समर्पण सदैव स्मृतियों में जीवंत रहेगा। बेसी ग्रुप के लक्ष्मण ज्ञासी, मुकेश पटेल, अशोक साहू, रोहित सोनी, राजेश यादव, पार्षद हेमन्त बंजारे ने कहा कि उन्होंने संगठन, जनसेवा, योग तथा भारतीय संस्कृति के संवर्धन में उल्लेखनीय योगदान दिया।

# मुन्नर स्केटिंग करते हुए केशकाल पहुंचे, लोगों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

उत्तर प्रदेश के गोरखपुर निवासी मुन्नर निषाद इन दिनों स्केटिंग यात्रा के माध्यम से देश भ्रमण पर निकले हुए हैं। अपनी अनोखी यात्रा के दौरान वे रविवार दोपहर केशकाल पहुंचे, जहां स्थानीय लोगों ने उनका आत्मीय स्वागत किया।

मुन्नार निषाद ने बताया कि वे देश के 30 राज्यों का भ्रमण करने के संकल्प के साथ कृष्ण जन्माष्टमी 2025 से यात्रा पर निकले थे। अब तक वे लगभग 10 महीनों की यात्रा पूरी कर चुके हैं। इस दौरान वे गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, गोवा, केरला, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना सहित कई राज्यों का भ्रमण कर चुके हैं। वर्तमान में उनकी यात्रा छत्तीसगढ़ में जारी है। उन्होंने कहा कि यह केवल साहसिक यात्रा नहीं, बल्कि आध्यात्मिक और सांस्कृतिक अभियान भी है। यात्रा के दौरान उन्होंने देश के 12 ज्योतिर्लिंग, चारधाम और 20 शक्तिपीठों के दर्शन करने का संकल्प लिया है।



साथ ही रास्ते में आने वाले छोटे-बड़े मंदिरों में भी दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं।

### संस्कृति, जीवनशैली व परंपरा- खानपान को समझना उद्देश्य

मुन्नार निषाद ने हरिभूमि प्रतिनिधि को बताया कि उनकी यात्रा का मुख्य उद्देश्य देश की विविध संस्कृति, परंपरा, खानपान और लोगों की जीवनशैली को करीब से समझना है। वे जहां भी पहुंचते हैं, वहां के लोगों से मिलकर स्थानीय संस्कृति और परंपराओं को जानने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक राज्य की राजधानी तक पहुंचना भी उनकी यात्रा का हिस्सा है। केशकाल पहुंचने के बाद वे टाटामारी में रात्रि विश्राम करेंगे। इसके बाद सोमवार को प्रसिद्ध शिव के धाम गोबरहिन के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।उनकी इस अनोखी स्केटिंग यात्रा को लेकर क्षेत्र के लोगों में उत्साह देखने को मिल रहा है।

# किसानों ने सीखे आधुनिक कृषि के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

तहसील साहू समाज ग्रामीण के तत्वावधान में उन्नत तकनीकी कृषि एवं कृषि नवाचार अध्ययन भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाज के किसानों, पदाधिकारियों एवं सामाजिकजनों ने भाग लेकर आधुनिक खेती की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रगतिशील कृषक एवं समाजसेवी अरुण सार्वा ने किया। उन्होंने अपने फार्म में आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती के विभिन्न मॉडल का अवलोकन कराया। अध्ययन भ्रमण के दौरान लगभग 50 से 60 किसान एवं पदाधिकारी खिड़कीटोला स्थित करीब 100 एकड़ में फैले टमाटर फार्म पहुंचे, जहां टमाटर की ग्राफ्टिंग तकनीक, पाली हाउस में पौध तैयार करने की प्रक्रिया तथा हाइब्रिड फलदार पौधों की खेती के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा अमरूद, मिर्ची, भटा, खीरा और गोभी की उन्नत खेती की पद्धति को भी किसानों ने करीब से समझा। श्री सार्वा ने बताया कि वैज्ञानिक खेती अपनाकर उत्पादन और आय दोनों में वृद्धि संभव है। तहसील साहू संघ ग्रामीण अध्यक्ष चिरौंजीलाल साहू ने कहा कि समाज यदि आधुनिक खेती अपनाए तो आर्थिक रूप से मजबूत बन सकता है। पूर्व सांसद प्रतिनिधि उमेश साहू, तहसील सचिव हिरेंद्र साहू, किसान नेता प्रफुल्ल साहू, वरिष्ठ समाजसेवी रामआश्रय साहू तथा आमदी नगर पंचायत साहू संघ अध्यक्ष तेजराम साहू ने भी कार्यक्रम की सराहना की।



### तालाब निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

इसके बाद दुगली स्थित फार्म में नई फसल की तैयारियों तथा ग्राम सांकरा में विकसित किए जा रहे मखाना खेती परियोजना एवं तालाब निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इसे आत्मनिर्भर कृषि मॉडल के रूप में विकसित किया जा रहा है। मसानडबरा में आदिवासी परिवारों के लिए विकसित की जा रही आधुनिक कॉलोनी का भी अवलोकन किया।

# नया ट्रांसफार्मर नहीं मिलने से मंगहूर में बिजली संकट, ग्रामीणों में आक्रोश

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम मंगहूर में लंबे समय से बनी हुई विद्युत समस्या अब गंभीर रूप लेती जा रही है। गांव के करीब 200 घरों और कई बोरवेलों का भार एक ही ट्रांसफार्मर पर होने के कारण लगातार लो-वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। इससे ग्रामीणों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। घरेलू कार्यों के साथ-साथ किसानों की सिंचाई व्यवस्था और विद्यार्थियों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।

ग्रामीणों के अनुसार गांव में नया ट्रांसफार्मर स्थापित करने की मांग को लेकर करीब एक वर्ष पूर्व विद्युत विभाग को लिखित आवेदन दिया गया था। इसके बाद भी कई बार विभागीय अधिकारियों को मौखिक और लिखित रूप से समस्या से अवगत कराया गया।



ग्रामीणों ने जिला प्रशासन को भी आवेदन सौंपकर गांव की गंभीर विद्युत समस्या की जानकारी दी थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग केवल आश्वासन देकर मामले को टालता आ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रांसफार्मर पर अत्यधिक भार होने के कारण दिनभर बिजली का वोल्टेज बेहद कम रहता है। इसके चलते पंखे, पानी की मोटर और अन्य विद्युत उपकरण सुचारु रूप से संचालित नहीं हो पाते। किसानों को बोरवेल चलाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे फसलों की सिंचाई प्रभावित हो रही है। वहीं विद्यार्थियों को भी पढ़ाई के दौरान पर्याप्त बिजली सुविधा नहीं मिल पा रही है। गर्मी के मौसम में स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है। ग्रामीण पिछले एक वर्ष से नए ट्रांसफार्मर की मांग कर रहे हैं, लेकिन विभाग की उदासीनता के कारण समस्या जस की तस बनी हुई है। उन्होंने कहा कि बिजली जैसी मूलभूत सुविधा के लिए ग्रामीणों को लगातार संघर्ष करना पड़ रहा है, जो चिंताजनक है। यदि जल्द ही गांव में नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर लो-वोल्टेज की समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया, तो ग्रामीणों के साथ मिलकर जनहित में आंदोलन किया जाएगा। इसके तहत विद्युत विभाग के खिलाफ प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपने सहित लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### आदिवासियों की ज्वलंत समस्याओं का निराकरण करने की मांग

**धमतरी।** अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने आदिवासी समाज से जुड़ी विभिन्न ज्वलंत समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर भारत सरकार के केंद्रीय राज्य मंत्री (अनुसूचित जनजाति मामले) दुर्गा दास उइके से न्यू सर्किट हाउस रायपुर में भेंट कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने आदिवासी वर्ग के संवैधानिक अधिकारों और लंबित मांगों पर मंत्री का ध्यान आकर्षित करते हुए शीघ्र कार्रवाई की मांग की। इस दौरान अनुसूचित जनजाति आयोग के सचिव पवन नेताम, अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष आर.एन. ध्रुव, गोंडवाना गोंड महासभा के राष्ट्रीय सचिव कमलेश मंडावी, प्रदेश संयुक्त सचिव एस.पी. ध्रुव, आदिवासी समन्वय मंच भारत के डमरूधर मांझी सहित अन्य सामाजिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। ज्ञापन में सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुरूप पदोन्नति में आरक्षण लागू करने, छात्रवृत्ति के लिए निर्धारित आय सीमा समाप्त करने तथा फर्जी जाति प्रमाण पत्र धारकों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग प्रमुख रूप से रखी गई।

### सिस्टर ट्यूटर लक्ष्मी साहू नर्सिंग काउंसिल की रजिस्ट्रार नियुक्त

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जिले की सिस्टर ट्यूटर श्रीमती लक्ष्मी साहू को छग नर्सिंग काउंसिल का रजिस्ट्रार नियुक्त किए जाने पर छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय एवं जिला पदाधिकारियों सहित संघ के सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया है। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि श्रीमती लक्ष्मी साहू का नर्सिंग एवं स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में लंबा अनुभव, कार्यकुशलता तथा समर्पित सेवाएं इस महत्वपूर्ण दायित्व के निर्वहन में निश्चित रूप से लाभकारी सिद्ध होंगी।

# धाकड़ समाज की नई पहल, समाज कल्याण निधि से मजबूत होगी आर्थिक स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

बस्तर धाकड़ समाज कल्याण समिति की बैठक माता मावली मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक समाज के जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान समाज में चल रही वर्तमान गतिविधियों की समीक्षा की गई। इसके साथ ही सामाजिक जनगणना और राम मंदिर निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक का मुख्य केंद्र बिंदु समाज के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों और बेरोजगार युवाओं को संबल प्रदान करना रहा। वर्तमान में समाज के कई ऐसे परिवार हैं, जिनकी आर्थिक स्थिति दयनीय है और वे केवल अपनी बुनियादी जरूरतें ही पूरी कर पाते हैं। मजबूरन उन्हें अपनी आजीविका के लिए साहूकारों से ऊंचे ब्याज पर कर्ज लेना पड़ता है। इस गंभीर समस्या के समाधान और बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए बैठक में एक विशेष योजना का खाका तैयार किया गया, जिसे धाकड़ समाज कल्याण निधि नाम दिया गया है। इस योजना से गरीब परिवारों को ऊंची ब्याज दरों और कर्ज के जाल से आजादी मिलेगी।



### स्वरोजगार को बढ़ावा

बेरोजगार युवाओं को अपना छोटा व्यवसाय शुरू करने के न्यूनतम ब्याज दर से शुरुआती पूंजी मिलेगी। हर महीने योगदान करने से समाज के लोगों में आपसी सहयोग और अपनेपन की भावना मजबूत होगी। इसमें पारदर्शिता से एकत्रित धन का हिसाब-किताब पूरी तरह साफ होना जरूरी है अन्यथा आपसी मतभेद पैदा हो सकते हैं। सहायता पाने वाले सदस्य समय पर पैसा वापस लौटाएं ताकि वह पैसा आगे किसी और बेरोजगार के काम आ सके। फंड केवल उन्हीं लोगों को मिले जो सच में जरूरतमंद हैं और मेहनत से काम करना चाहते हैं। इस योजना में समाज का प्रत्येक सदस्य प्रति माह न्यूनतम 100 रुपये की राशि एकत्रित करेगा। सदस्य अपनी स्वेच्छा से अधिकतम कितनी भी राशि का योगदान इस कोष में दे सकते हैं। इस जमा पूंजी (निधि) से उन बेरोजगार युवाओं को वित्तीय सहायता दी जाएगी, जो स्वयं का व्यवसाय शुरू करना चाहते हैं। योजना का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति की आय बढ़ाकर उन्हें समृद्ध बनाना है। सामाजिक स्तर पर इस दूरदर्शी कदम की सराहना की जा रही है। समाज के प्रबुद्ध जनों का मानना है कि यह पहल आने वाले समय में मील का पत्थर साबित होगी। बैठक में धाकड़ समाज के अध्यक्ष, सचिव, कार्यकारिणी समिति के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

## ग्रामीणों ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की

# बस्तर की पहचान उसकी संस्कृति, परंपराओं और सामुदायिक जीवन से है : बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

बस्तर के ग्राम पंचायत आड़ावाल के आश्रित ग्राम नारायणपाल एवं भरनी जोदरागुड़ा पारा में नव निर्मित माता गुड़ी के उद्घाटन कार्यक्रम उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक लखेश्वर बघेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर बस्तर की

■ कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक पूजा-अर्चना व धार्मिक अनुष्ठानों के साथ हुई

समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति अपनी आस्था और सम्मान व्यक्त किया। उद्घाटन कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक पूजा-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठानों के साथ हुई।

माता गुड़ी में विधिवत पूजा संपन्न होने के बाद ग्रामीणों ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। दोनों माता गुड़ियों के लोकार्पण के पश्चात सभा को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि बस्तर की पहचान उसकी संस्कृति, परंपराओं और सामुदायिक जीवन से है, जिसे संरक्षित



रखने में देवगुड़ियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने बस्तर की सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए लगातार कार्य कर रही है। इसी कड़ी में विभिन्न गांवों की देवगुड़ियों के निर्माण एवं मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि आने वाली पीढ़ियां अपनी जड़ों और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी रहें।

विधायक ने कहा कि यह केवल पूजा-अर्चना का स्थान नहीं, बल्कि गांव की सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र होती है। उन्होंने कहा कि देवगुड़ी वह स्थान है जहां गांव की नेग-नीति, परंपराएं, रीति-रिवाज और सामुदायिक निर्णयों से जुड़े कार्यक्रम आयोजित होते हैं। यह बस्तर की सांस्कृतिक अस्मिता का प्रतीक है और लोगों की आस्था का केंद्र भी है। इसलिए इन स्थलों का संरक्षण और विकास समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने शासन द्वारा देवगुड़ियों के संरक्षण एवं विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यों से न केवल धार्मिक आस्था को मजबूती मिलती है, बल्कि बस्तर की परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों को भी नई पीढ़ी तक पहुंचाने में सहायता मिलती है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष बालेश चंद्र दुबे, जिला महामंत्री मानसिंह कवासी, जनपद सदस्य हेमराज बघेल, सरपंच अमृत कश्यप, रूपसाय कोराम, उपसरपंच दिलीप ठाकुर, पुजारी बासुदेव बघेल, श्यामसुंदर कश्यप, पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन पारंपरिक रीति-रिवाजों, सामुदायिक सहभागिता और अतिथियों के सम्मान के साथ हुआ। ग्रामीणों ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए लच्छू राम बघेल ने कहा विधायक ने बस्तर की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित और आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# फाइनल में बिलासपुर को हरा रायपुर ब्लू बना चैंपियन



हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के तत्वावधान में पीजी कॉलेज क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित 4 दिवसीय स्व. विनोद पेंढारकर स्मृति अंडर-16 एलीट ग्रुप का फाइनल मैच रायपुर ब्लू ने बिलासपुर को हराकर जीता।

■ पीजी कॉलेज स्टेडियम में स्व. विनोद पेंढारकर स्मृति में अंडर-16 एलीट ग्रुप का आयोजन

मैच में बिलासपुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और रायपुर ब्लू को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। रायपुर ब्लू की टीम ने सधी हुई शुरुआत करते हुए 143 ओवरों में 10 विकेट खोकर 407 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। 407 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी बिलासपुर की टीम रायपुर ब्लू की घातक गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी। पूरी टीम 108.5 ओवर में महज 206 रनों पर ऑलआउट हो गई। विजेता टीम रायपुर ब्लू को छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के सहसचिव अजय तिवारी ने विनर कप प्रदान किया। वहीं उपविजेता बिलासपुर की टीम को धमतरी जिला क्रिकेट संघ के सचिव अजय बाबर ने रनर कप सौंपकर पुरस्कृत किया। सकुश गुप्ता सहसचिव ने बताया कि जिला क्रिकेट संघ द्वारा विगत 6 वर्षों से पीजी कॉलेज क्रिकेट स्टेडियम का रख-रखाव व संचालन सफलतापूर्वक किया जा रहा है। मई माह की भीषण गर्मी में भी स्टेडियम की हरी-भरी घासयुक्त आउटफील्ड और बेहतरीन पिच की ऑब्जर्वर, अंपायर्स और दोनों टीमों के कोच ने जमकर प्रशंसा की।

# भेल में भांसी आईटीआई में पढ़े यशराज का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली/दंतेवाड़ा

दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा जिले के बचेली क्षेत्र के एक होनहार युवक ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी सफलता का परचम लहराया है। एनएमडीसी डीएवी आईटीआई भांसी के पूर्व छात्र यशराज साहू ने देश की प्रतिष्ठित महारत्न सार्वजनिक उपक्रम कंपनी भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) में चयनित होकर समूचे बस्तर संभाग और छत्तीसगढ़ राज्य को गौरवान्वित किया है। यशराज का चयन इलेक्ट्रीशियन आर्टिजन ग्रेड-चतुर्थ के पद पर बीएचईएल ईएसडी (भेल ईएसडी), बेंगलुरु में हुआ है।



उल्लेखनीय है कि भेल द्वारा निकाली गई इस भर्ती के लिए न्यूनतम तकनीकी योग्यता आईटीआई (इलेक्ट्रीशियन ट्रेड) निर्धारित थी। यशराज ने भांसी आईटीआई से प्रशिक्षण के दौरान शानदार अकादमिक रिकॉर्ड बनाया था। उन्होंने प्रथम वर्ष में 90 प्रतिशत और द्वितीय वर्ष में 94 प्रतिशत अंक अर्जित कर कुल 92 प्रतिशत के साथ अपने ट्रेड में शीर्ष (टॉपर) स्थान प्राप्त किया था। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए संस्थान ने उन्हें मेधावी छात्र पुरस्कार से भी नवाजा था। इसके बाद उन्होंने एनएमडीसी बीआईओएम बचेली कॉम्प्लेक्स के लोडिंग प्लांट विभाग से एक वर्षीय अप्रेंटिसशिप पूरी की। बीएचईएल में चयन के लिए आयोजित देशव्यापी प्रतिस्पर्धी प्रक्रिया के तहत यशराज ने कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट (सीबीटी), स्किल टेस्ट, दस्तावेज सत्यापन और मेडिकल परीक्षण के सभी कड़े चरणों को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किया। उन्होंने 4 मई को बेंगलुरु में अपनी जॉइनिंग दे दी है। सबसे गौरव की बात यह है कि इस पूरी भर्ती बैच में छत्तीसगढ़ राज्य से चयनित होकर जॉइन करने वाले वे एकमात्र अभ्यर्थी हैं।

यशराज के पिता बुलेश साहू एनएमडीसी में एचईएम ऑपरेटर के पद पर कार्यरत हैं तथा माता सरस्वती साहू गृहिणी हैं। यशराज ने अपनी इस ऐतिहासिक सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के त्याग, शिक्षकों के मार्गदर्शन और एनएमडीसी डीएवी आईटीआई भांसी के अनुशासित व उच्च स्तरीय तकनीकी माहौल को दिया है।

संस्थान के प्राचार्य ने यशराज की इस असाधारण उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता अन्य प्रशिक्षुओं के लिए प्रेरणा बनेगी। इससे साबित होता है कि आईटीआई के माध्यम से सही कौशल आधारित प्रशिक्षण पाकर देश की अग्रणी कंपनियों में शानदार करियर बनाया जा सकता है।

यशराज की इस बड़ी कामयाबी पर एनएमडीसी प्रबंधन, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, क्षेत्रवासियों और शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

आंगनबाड़ी बनी जागरूकता का केंद्र

# गांव-गांव तक पहुंच रहा माहवारी स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

चुप्पी तोड़ो, खुलकर बोलो माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला बीजापुर द्वारा चलाए जा रहे रेड डॉट अभियान ने पूरे जिले में जन-आंदोलन का रूप ले लिया है। गाँव की चौपाल से लेकर गारमेंट फैक्ट्री तक, हर जगह माहवारी को लेकर व्याप्त शर्म और मिथकों को तोड़ने का काम जोरों पर है।

जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को अभियान का मुख्य केंद्र बनाया गया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं द्वारा किशोरी बालिकाओं व महिलाओं के साथ माहवारी स्वच्छता प्रबंधन सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। इन सत्रों में सेनेटरी पैड के सही उपयोग, साफ-सफाई और पुरानी मान्यताओं पर खुलकर चर्चा हो रही है।

■ बीजादूतीर स्वयंसेवक और मितानिन निभा रहीं अहम भूमिका

बीजादूतीर स्वयंसेवकों की टोलियां गाँव-गाँव जाकर किशोरियों और महिलाओं से सीधा संवाद कर रही हैं। वहीं मितानिन दीदियां घर-घर जाकर महिलाओं को व्यक्तिगत स्वच्छता और रेड डॉट अभियान के महत्व से जोड़ रही हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मितानिनों ने हथेली पर लाल बिंदी लगाकर माहवारी शर्म नहीं, सम्मान है का संदेश दिया। भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, जिला शाखा बीजापुर के जिला रेड क्रॉस अधिकारी नरवेद सिंह ने भी रेड डॉट अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाई। रेड क्रॉस के सदस्यों ने किशोरियों के बीच जाकर माहवारी स्वच्छता पर जागरूकता सत्र लिए और हाइजीन किट वितरण में सहयोग किया। रेड क्रॉस के सदस्यों ने भी हथेली पर रेड डॉट लगाकर स्वास्थ्य ही सेवा है के संकल्प को दोहराया।



### सुशासन शिविर में गूंजा रेड डॉट का संदेश

जिले में चल रहे सुशासन शिविरों को भी इस अभियान से जोड़ा गया है।

शिविरों में आने वाले ग्रामीणों, विशेषकर पुरुषों को भी माहवारी स्वच्छता के प्रति संवेदनशील बनाया जा रहा है। अधिकारियों-कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से हथेली पर रेड डॉट लगाकर चुप्पी नहीं, अब बात होगी का संकल्प लिया।

### महिलाओं को मिली हाइजीन किट

महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए बीजापुर की गारमेंट फैक्ट्री में कार्यरत सैकड़ों महिला श्रमिकों को महिला बाल विकास व जिला रेड क्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान मे माहवारी स्वच्छता किट- का वितरण किया गया। किट में सेनेटरी पैड, साबुन शामिल थी।

### विभाग का संकल्प हर बेटी को मिले सम्मान

जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग- ने बताया, रेड डॉट सिर्फ एक निशान नहीं, बल्कि सोच बदलने का प्रतीक है। बीजापुर में आंगनबाड़ी, मितानिन, बीजादूतीर, रेड क्रॉस और सुशासन तिहार सभी माध्यमों से हम ये संदेश घर-घर पहुँचा रहे हैं। हमारा लक्ष्य है कि कोई भी किशोरी माहवारी के कारण स्कूल न छोड़े और हर महिला को सम्मान मिले।

# कलेक्टर ने सेवानिवृत्त प्रधान पाठकों को दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

सेवानिवृत्त हुए प्रधान पाठक संजय कुमार कोटे एवं कावटी गोपाल को जिला कार्यालय में कलेक्टर विश्वदीप ने आत्मीय विदाई दी। इस अवसर पर कलेक्टर ने दोनो प्रधान पाठकों की दीर्घकालीन एवं कुशलतापूर्ण सेवाकाल की सराहना करते हुए उनके आगामी जीवन के लिए उत्तम स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

■ सेवानिवृत्त प्रधान पाठकों को पेंशन प्रमाण पत्र किया भेंट

उन्होंने सेवानिवृत्त प्रधान पाठकों को पेंशन प्रमाण पत्र भी भेंट किया। कार्यक्रम में जिला कोषालय अधिकारी महावीर प्रसाद टंडन जिला शिक्षा अधिकारी लखनलाल धनेलिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# ट्रक पर पेड़ गिरने से जगदलपुर-सुकमा हाइवे पर यातायात जाम, वाहनों की लगी लंबी कतारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जगदलपुर-सुकमा राष्ट्रीय मार्ग पर वाहनों की आवाजाही थम गई है। दरअसल, दरभा बाजार के पास एक विशालकाय पेड़ अचानक सड़क से गुजर रहे ट्रक पर गिर पड़ा, इसमें ड्राइवर की जान बच गई, लेकिन ट्रक के क्षतिग्रस्त होने से सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई है। सूचना मिलते ही दरभा थाना पुलिस पहुंची और जाम हटाने के लिए जेसीबी मशीन की मदद से सड़क पर गिरे पेड़ को हटाने का काम शुरू किया गया है। हादसे के कारण जगदलपुर और सुकमा की ओर आने-जाने वाले यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



# मुजगहन में विद्युत सबस्टेशन स्थापित करने की मांग

**धमतरी।** ग्राम पंचायत मुजगहन और आसपास के गांवों में लंबे समय से बनी बिजली समस्या के समाधान के लिए क्षेत्र क्रमांक-15 के जनपद सदस्य कीर्तन मीनपाल ने जनपद पंचायत धमतरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को मांग पत्र सौंपा। उन्होंने ग्राम पंचायत मुजगहन में नया विद्युत सबस्टेशन स्थापित कराने के लिए विद्युत विभाग को आवश्यक अनुशंसा और पत्र जारी करने की मांग की है। सामान्य सभा की बैठक में सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि मुजगहन, रत्नाबांधा, लोहरसी और पोटियाडीह क्षेत्र की बिजली आपूर्ति दूर स्थित सबस्टेशन से की जाती है। इसके कारण ग्रामीणों को लगातार लो वोल्टेज और अघोषित बिजली कटौती जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बिजली की कमी से घरेलू उपकरण प्रभावित हो रहे हैं, वहीं किसानों को सिंचाई कार्य में भी परेशानी उठानी पड़ रही है।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH) नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद) मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# आबकारी कार्यालय का दो दशक से मुख्यालय में नहीं हो रहा संचालन, अफसर मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

अंतागढ़ क्षेत्र में शासकीय संस्थाओं के लगातार कमजोर होते प्रशासनिक ढांचे के बीच आबकारी विभाग का वृत्त कार्यालय भी उपेक्षा का शिकार बन गया है। स्थिति यह है कि आबकारी कार्यालय का मूल मुख्यालय अंतागढ़ में होने के बावजूद पिछले करीब दो दशकों से इसका संचालन नियमित रूप से यहां से नहीं हो रहा है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि कार्यालय केवल कागजों में अंतागढ़ में संचालित दिखाया जाता है, जबकि अधिकांश विभागीय कार्य भानुप्रतापपुर से किए जा रहे हैं।

अंतागढ़ लंबे समय से प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। यहां तहसील, थाना, अस्पताल और अन्य प्रमुख शासकीय कार्यालय संचालित होते रहे हैं। आबकारी कार्यालय भी इन्हीं संस्थाओं में शामिल था, जो वर्ष 2000 तक नियमित रूप से अंतागढ़ में कार्यरत रहा। बाद में भवन की जर्जर स्थिति और स्टाफ संबंधी कारणों का हवाला देते हुए कार्यालय का संचालन दूसरे स्थान से किए जाने लगा।

वर्तमान में आबकारी कार्यालय का भवन बदहाल स्थिति में पहुंच चुका है। देखरेख के अभाव में भवन जर्जर होकर खंडहर का रूप ले रहा है तथा अतिक्रमण की आशंका भी बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण अंतागढ़ अपनी प्रशासनिक पहचान धीरे-धीरे खोता जा रहा है। सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत वर्ष 2015 में प्राप्त जानकारी के अनुसार अंतागढ़ आबकारी वृत्त कार्यालय में एक मुख्य आबकारी आरक्षक, चार आबकारी आरक्षक और एक आबकारी भृत्य का पद स्वीकृत है। विभाग द्वारा यह भी बताया गया था कि कार्यालय का संचालन अंतागढ़ से किया जा रहा है तथा भानुप्रतापपुर से संचालन संबंधी कोई आदेश जारी नहीं किया गया है। हालांकि स्थानीय नागरिकों का दावा है कि वास्तविक स्थिति इससे अलग है। उनका कहना है कि कार्यालय नियमित रूप से अंतागढ़ में नहीं खुलता और विभागीय गतिविधियां भानुप्रतापपुर से संचालित होती हैं।

## अंतागढ़ प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार



### अस्थायी रूप से कार्यालय का संचालन

करीब 20 वर्षों से अधिक समय बीत जाने के बाद भी आबकारी कार्यालय का संचालन उसके मूल मुख्यालय अंतागढ़ में शुरू नहीं हो पाना प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है। नागरिकों का कहना है कि क्षेत्र में कई शासकीय भवन खाली पड़े हैं, जहां अस्थायी रूप से कार्यालय संचालित किया जा सकता है। साथ ही जर्जर भवन के जीर्णोद्धार या नए भवन निर्माण की दिशा में भी शीघ्र कार्रवाई की जानी चाहिए। आबकारी निरीक्षक ओम प्रकाश साहू ने बताया कि नए भवन निर्माण के लिए कुछ माह पूर्व लोक निर्माण विभाग को प्रस्ताव भेजा गया है। भवन जर्जर होने के कारण फिलहाल कार्यालय का संचालन भानुप्रतापपुर से किया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग एसडीओ गोविंद मिलिंद ने कहा कि आबकारी विभाग से भवन निर्माण संबंधी पत्र प्राप्त हुआ है, लेकिन उसमें आवश्यकताओं का स्पष्ट उल्लेख नहीं है। विभाग को इस संबंध में जानकारी भेज दी गई है तथा शीघ्र ही स्थल निरीक्षण कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। नगर पंचायत अध्यक्ष राधेलाल नाग ने कहा कि आबकारी विभाग को बहानेबाजी छोड़कर कार्यालय का संचालन अंतागढ़ में शुरू करना चाहिए। यदि भवन की समस्या है तो नगर पंचायत वैकल्पिक भवन उपलब्ध कराने के लिए तैयार है।

## खबर संक्षेप

### झेरिया गड़रिया समाज ने लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जयंती मनाई



**कांकेर।** झेरिया गड़रिया समाज द्वारा लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के आदर्श जीवन, सुशासन एवं जनकल्याणकारी कार्यों का स्मरण करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। समाज के जिला अध्यक्ष महेंद्र धनकर ने शिक्षा, संगठन एवं आर्थिक सशक्तिकरण को समाज विकास का आधार बताते हुए कृषि एवं पशुपालन को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने का आह्वान किया। वहीं युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष थामेश धनकर ने सुशासन, पारदर्शिता एवं सामाजिक सहभागिता को समाज की प्रगति के लिए आवश्यक बताते हुए युवाओं को नेतृत्व में आगे आने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर चंद्रभान धनकर ने समाज के पूर्वजों द्वारा स्थापित रीति-नीति, परंपराओं एवं सामाजिक एकता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग की चुनौतियों के अनुरूप शिक्षा, तकनीक एवं संगठन की शक्ति को अपनाकर समाज को विकास की नई दिशा दी जा सकती है। समारोह सामाजिक एकता, गौरव एवं विकास के संकल्प के साथ संपन्न हुआ।

### सेवानिवृत्त शिक्षकों को दी भावभीनी विदाई



**पखांजुर।** विकासखण्ड कोयलीबेड़ा में शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हुए चार शिक्षक शक्तिपद विश्वास, शंकरलाल हुपेण्डी, विप्रदास बागची एवं भारती मंडल को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। ने की। इस अवसर पर शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त शिक्षकों को शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि मंजू सरदार ने शिक्षकों के योगदान की सराहना करते हुए उनके सुखद एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। कार्यक्रम के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी देवकुमार शील, विप्लव बनर्जी, कौशल नेताम, बाबूल शील, रंजन दास एवं डॉ. कृष्णपाल राणा उपस्थित रहें।

### छत से गिरकर युवक की मौत

**धमतरी।** घर की छत पर चढ़ा युवक अचानक नीचे गिर गया। गंभीर रूप से घायल युवक की रायपुर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय आमापारा बनियातालाब के पास रहने वाले अनिल पटेल पिता रामनाथ उम्र 34 वर्ष शराब पीने का आदी था। युवक शुक्रवार की सुबह अपने घर की छत पर चढ़ा था। तभी वह अचानक छत से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां से रिफर करने पर युवक को निजी अस्पताल पहुंचाया गया। उसके बाद परिजन युवक को घर ले गए। रात्रि में युवक को उपचार के लिए रायपुर ले जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में देमार के पास युवक की मौत हो गई। परिजन युवक को वापस घर ले आए और कोतवाली पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने घर पहुंचकर शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम किया। इसके बाद परिजनों को शव सौंप दिया।

## समाजहित के कार्यों को पारदर्शिता और जनसहभागिता से आगे बढ़ाने का संकल्प

# प्रयास की बैठक में स्वर्गरथ व मुक्तिधाम को व्यवस्थित करने की बनी कार्ययोजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरहरपुर



नगर नरहरपुर में जनसेवा, सामाजिक दायित्व और मानवीय संवेदनाओं को मजबूत आधार देने के उद्देश्य से गठित प्रयास संस्था की प्रथम बैठक रविवार को विधायक एवं संस्था के संरक्षक आशाराम नेताम की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में स्वर्ग रथ वाहन और मुक्तिधाम के सुचारू संचालन, जनसहभागिता तथा भविष्य की सामाजिक कार्ययोजना को लेकर व्यापक चर्चा हुई। संस्था ने यह संकल्प लिया कि दुःख की घड़ी में किसी भी परिवार को असुविधा का सामना न करना पड़े और उन्हें सम्मानजनक सुविधाएं सहजता से उपलब्ध कराई जाएं।

आयोजित बैठक में नगर के सामाजिक कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए संस्था के माध्यम से समाजहित में किए जाने वाले कार्यों को लेकर अपने सुझाव रखे। इस दौरान संस्था के गठन के मूल उद्देश्य, सामाजिक सरोकारों और अंतिम संस्कार संबंधी व्यवस्थाओं को अधिक व्यवस्थित, संवेदनशील और जनोपयोगी बनाने पर विशेष जोर दिया गया। सदस्यों ने कहा कि स्वर्ग रथ वाहन एवं मुक्तिधाम जैसी सेवाएं समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इन सेवाओं के संचालन में पारदर्शिता, जवाबदेही और सामूहिक सहयोग सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है, ताकि जरूरतमंद परिवारों को समय पर सहायता मिल सके। बैठक में नगरवासियों द्वारा स्वर्ग रथ वाहन के लिए दिए गए आर्थिक सहयोग की सराहना करते हुए इसे सामाजिक एकजुटता और जनभागीदारी का उत्कृष्ट उदाहरण बताया गया। चर्चा के दौरान मुक्तिधाम परिसर को अधिक स्वच्छ, सुव्यवस्थित और सुविधायुक्त बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव सामने आए। अंतिम संस्कार के लिए आने वाले परिजनों को पेयजल, बैठने की व्यवस्था, स्वच्छ परिसर और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया गया। साथ ही स्वर्ग रथ वाहन के संचालन को और अधिक प्रभावी एवं जनहितकारी बनाने के उपायों पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। संस्था के कोषाध्यक्ष ब्रह्मानंद गजबीए एवं सचिव हनुमत सिन्हा ने संस्था की भावी कार्ययोजना, आर्थिक प्रबंधन और संचालन व्यवस्था की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि संस्था भविष्य में सामाजिक सरोकारों से जुड़े कई जनहितकारी कार्यक्रम संचालित करेगी। उन्होंने नगरवासियों से भी इस अभियान से जुड़कर सहयोग करने की अपील की। उन्होंने संस्था के पदाधिकारियों और सदस्यों से जनहित के कार्यों को पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और समर्पण के साथ आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

### विधायक आशाराम नें की सराहना

आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए विधायक एवं संस्था के संरक्षक आशाराम नेताम ने कहा कि समाज सेवा के उद्देश्य से शुरू किया गया यह प्रयास नगरवासियों के लिए उपयोगी, प्रेरणादायक और अनुकरणीय साबित होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज की पहचान उसकी संवेदनशीलता और सहयोग की भावना से होती है। स्वर्ग रथ और मुक्तिधाम जैसी सेवाएं केवल व्यवस्थाएं नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का माध्यम हैं।

### बैठक में यह रहे शामिल

आयोजित बैठक में पार्षद मुकेश संचेती, दंतेश्वरी तिवारी, रवि भगत, कामलाल सोनबेर, टीकम नेवला, धर्मेंद्र जैन, योगेश सोनवंशी, लक्ष्मण शुक्ला, देवानंद साहू, दीपक मेहता, गौतम कौशिक, चंद्रहास सिन्हा, क्रांति ध्रुव, डॉ. प्रशांत सिंह, भीखम साहू, संतोष भास्कर, राजेश्वर कटेंद्र, विष्णु मोची, मदन शर्मा, राजेश सिन्हा, जगदीश तिवारी और रेवती सिन्हा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## तुलसी मानस प्रतिष्ठान की बैठक में संगठन के विस्तार पर दिया जोर



**सरोना।** भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और रामचरितमानस के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से तुलसी मानस प्रतिष्ठान शाखा नरहरपुर की बैठक रविवार को राधाकृष्ण मंदिर के पीछे स्थित वटवृक्ष के नीचे आयोजित की गई। बैठक में संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान, मानस विचार संगोष्ठी, तुलसी जयंती समारोह तथा युवाओं को सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कई अहम निर्णय लिए गए। अयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि तुलसी मानस प्रतिष्ठान केवल धार्मिक गतिविधियों तक सीमित संस्था नहीं है, बल्कि यह समाज में नैतिक मूल्यों, संस्कारों और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का कार्य भी कर रही है। इसके लिए गांव-गांव और वार्ड स्तर तक सदस्यता अभियान चलाने तथा युवाओं, महिलाओं और समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। उपस्थित सदस्यों ने संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करने का संकल्प लिया। बैठक में आगामी मानस विचार संगोष्ठी के आयोजन को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई। सदस्यों ने सुझाव दिया कि संगोष्ठी को केवल धार्मिक आयोजन तक सीमित न रखकर सामाजिक जागरूकता और नैतिक शिक्षा का प्रभावी मंच बनाया जाए। वक्ताओं ने कहा कि रामचरितमानस केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों और आदर्शों का महान मार्गदर्शक है, जिसके संदेशों को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाना आवश्यक है। तुलसी जयंती समारोह को भव्य एवं ऐतिहासिक स्वरूप देने पर भी विशेष चर्चा हुई आयोजित बैठक में प्रांतीय सलाहकार आशाराम जूर्री, प्रांतीय प्रवक्ता काशीराम जैन, जिला कार्यकारी अध्यक्ष रामविशाल दादरा, शाखा अध्यक्ष चैतूराम जूर्री, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. लक्ष्मण शुक्ला सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, सदस्य एवं मानस प्रेमी उपस्थित रहे।

## जनपद सभापति राजू ने निर्माणाधीन लोहत्तर पुलिया का किया निरीक्षण



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत लोहत्तर में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना पीएमजीएसवाई के अंतर्गत लोहत्तर-हेपुरकसा मार्ग पर निर्माणाधीन पुलिया के स्लैब कंक्रीटिंग ढलाई कार्य का जनपद पंचायत सभापति विकास राजू नायक ने आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जनप्रतिनिधियों ने निर्माण कार्य में उपयोग की जा रही सामग्री, सरिया बिछाव, कंक्रीट की गुणवत्ता तथा तकनीकी मानकों का बारीकी से अवलोकन किया।

जनपद सभापति विकास राजू नायक ने निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया कि पुलिया निर्माण कार्य निर्धारित तकनीकी मानकों और गुणवत्ता के अनुरूप किया जाए। साथ ही निर्माण स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा कार्य की नियमित निगरानी रखने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों से कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता संबंधी जानकारी भी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए पुलिया निर्माण कार्य को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करना आवश्यक है, ताकि बरसात के दौरान ग्रामीणों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े और यातायात सुचारु रूप से संचालित हो सके। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि जनहित से जुड़े विकास कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता सर्वोच्च प्राथमिकता है। बेहतर और टिकाऊ आधारभूत संरचना उपलब्ध कराकर क्षेत्रवासियों को सुविधाजनक आवागमन का लाभ पहुंचाना शासन की मंशा है। इस दौरान भारतीय जनता युवा मोर्चा के महामंत्री राहुल जाम्बुरकर, पूर्व जनपद अध्यक्ष संतो दुग्गा तथा महिला मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष सुचिता पुरामे भी मौजूद रहीं।

## मोबाइल निकालने कुएं में उतरा युवक ऑक्सीजन नहीं मिलने से हुआ बेहोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर



बांदे थाना क्षेत्र के शांतिपारा में शनिवार शाम एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। लगभग 60 फीट गहरे सूखे कुएं में मोबाइल निकालने उतरा एक युवक ऑक्सीजन की कमी के कारण फंस गया। उसे बचाने के लिए कुएं में उतरा दूसरा युवक भी अंदर ही बेहोश होने लगा।

जानकारी के अनुसार बिहार से मजदूरी करने आए कुछ मजदूर बांदे निवासी रविंद्र मंडल के मकान में किराये से रहते हैं और शंकर दास के ट्रक में हमाली का कार्य करते हैं। शनिवार शाम करीब 5 बजे एक मजदूर बिहार के बेलवा निवासी 32 वर्षीय जोगेन्द्र शर्मा पिता सरजू कुएं के ऊपर बैठकर मोबाइल चला रहा था। इसी दौरान उसका मोबाइल अचानक कुएं में गिर गया। बताया जा रहा है कि कुएं में पानी नहीं था, केवल नीचे कीचड़नुमा सतह बची हुई थी। युवक मोबाइल निकालने के लिए कुएं में उतर गया, लेकिन गहराई में पहुंचते ही ऑक्सीजन की कमी के कारण उसकी तबीयत बिगड़ गई और वह बाहर नहीं निकल सका।

युवक को संकट में देखकर उसका स्थानीय साथी संतोष उसे बचाने के लिए कुएं में उतर गया, लेकिन ऑक्सीजन की कमी के चलते वह भी अंदर फंस गया। दोनों युवकों को सांस लेने में भारी दिक्कत होने लगी। घटना की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। मुखिया दुलाल दत्ता, समीर मिस्त्री, संजीव राय, प्रशांत सिंह, निखिल हालदार, अजय ठाकुर, शंकर दास सहित अन्य ग्रामीणों ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया।

ग्रामीणों ने कुएं के ऊपर आम के पेड़ की डालियां और अन्य साधनों का उपयोग कर हवा का प्रवाह बढ़ाने का प्रयास किया तथा रस्सियों की व्यवस्था की। इसी बीच बांदे पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस और ग्रामीणों की संयुक्त सूझबूझ तथा अथक प्रयासों से दोनों युवकों को सुरक्षित कुएं से बाहर निकाल लिया गया। रेस्क्यू के बाद स्थानीय निवासी संतोष की हालत सामान्य बताई जा रही है, जबकि बिहार के मजदूर की स्थिति गंभीर होने पर उसे पहले बांदे अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए उसे धमतरी रेफर कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि यदि समय रहते रेस्क्यू नहीं किया जाता तो यह घटना जानलेवा साबित हो सकती थी।

## दूध नदी स्वच्छता महाअभियान में दूसरे दिन भी समाजसेवियों ने किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



- जीवनदायिनी दूध नदी को स्वच्छ बनाने जुटे शहरवासी, स्वच्छ बनाने का संकल्प

शहर की जीवनदायिनी और लाइफ लाइन मानी जाने वाली दूध नदी को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए चलाया जा रहा स्वच्छता महाअभियान रविवार को दूसरे दिन भी पूरे उत्साह के साथ जारी रहा। अभियान में समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों, नगर सेना के जवानों, नगर पालिका तथा जिला प्रशासन के अधिकारियों-कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और श्रमदान कर नदी तट से बड़ी मात्रा में कचरा हटाया।

सुबह करीब 6 बजे से शुरू हुए अभियान में मौसम भी अनुकूल रहा। जन सहयोग संस्था के नेतृत्व में नगर सेना, नगर पालिका, जिला प्रशासन के प्रतिनिधियों तथा शहर के प्रमुख नागरिकों ने दूध नदी पुल और दिलदार होटल के आसपास सफाई कार्य किया। कुछ ही घंटों में क्षेत्र में फैला भारी मात्रा का कचरा एकत्र कर नगर पालिका की गाड़ियों के माध्यम से उचित निपटान के लिए भेजा गया। लगातार दो दिनों तक चले श्रमदान का असर साफ दिखाई देने लगा है। नदी के इस हिस्से का स्वरूप काफी बदल गया है और क्षेत्र पहले की अपेक्षा अधिक स्वच्छ एवं सुंदर नजर आ रहा है। अभियान में जन सहयोग संस्था के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी के साथ धर्मेंद्र देव, प्रवीण गुप्ता, मनोज कुमार दुबे, सागर देव सहित कई समाजसेवियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक, मुख्य नगर पालिका अधिकारी पवन मेरिया उपस्थित रहे।

अभियान में शहर के कई जागरूक नागरिकों ने भी स्वेच्छा से शामिल होकर नदी की सफाई में सहयोग दिया। कार्यक्रम के समापन पर जन सहयोग संस्था के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दूध नदी को स्वच्छ और निर्मल बनाने के लिए प्रति सप्ताह कम से कम दो दिन यह अभियान जारी रखा जाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि मानसून आने तक नदी की सफाई संतोषजनक स्तर तक पहुंच जाएगी। दूध नदी की स्वच्छता के लिए लगातार दो दिनों से चल रहे जनभागीदारी आधारित इस अभियान को लेकर शहरवासियों में उत्साह और प्रसन्नता का माहौल है तथा लोग इसे कांकेर के लिए एक सकारात्मक पहल मान रहे हैं।

## नशा मुक्ति, साइबर सुरक्षा और नए कानूनों की दी जानकारी

# पिड़चोड़ के सामुदायिक पुलिसिंग में ग्रामीणों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



कांकेर पुलिस द्वारा जनहित में संचालित विशेष पहल के तहत ग्राम पंचायत लोहत्तर के आश्रित ग्राम पिड़चोड़ में सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता रही। इस दौरान ग्रामीणों को विभिन्न दैनिक उपयोगी सामग्रियों का वितरण किया गया तथा कानून, सुरक्षा और सामाजिक जागरूकता से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने नशा मुक्ति, यातायात नियमों के पालन, साइबर अपराधों से बचाव, पॉक्सो एक्ट, महिला एवं बाल सुरक्षा तथा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) सहित नए कानूनों की विस्तृत जानकारी दी। ग्रामीणों को बताया गया कि जागरूकता और सतर्कता के माध्यम से अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। एसडीओपी शेर बहादुर ठाकुर ने कहा कि पुलिस की भूमिका केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग के साथ सकारात्मक संवाद स्थापित कर सुरक्षित और जागरूक वातावरण का निर्माण करना भी पुलिस की जिम्मेदारी है। उन्होंने ग्रामीणों से साइबर ठगी, नशे की प्रवृत्ति एवं अन्य सामाजिक अपराधों के प्रति सजग रहने की अपील करते हुए किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया।

जनपद सभापति विकास राजू नायक ने कांकेर पुलिस की इस जनहितैषी पहल की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम अत्यंत आवश्यक हैं। इससे लोगों को अपने अधिकारों, कर्तव्यों और कानूनों की जानकारी मिलती है तथा समाज में सकारात्मक बदलाव का मार्ग प्रशस्त होता है। थाना प्रभारी लक्ष्मीनारायण नामदेव ने ग्रामीणों को यातायात नियमों के पालन, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव और महिला-बाल सुरक्षा के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी सावधानियां बड़ी घटनाओं को रोक सकती हैं। सोशल मीडिया और ऑनलाइन लेन-देन के दौरान विशेष सतर्कता बरतना आवश्यक है।

## लड़ेर में श्रीमद् भागवत कथा 1 जून से

मगरलोड। ग्राम लड़ेर में निषाद परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान सप्ताह का आयोजन 1 से 7 जून तक किया गया है। कथावाचक महामंडलेश्वर महंत गोवर्धन शरण व्यास सिरकट्टी आश्रम कुटेना पांडुका होंगे। जून को सुबह 11 बजे कलश यात्रा, दोपहर 2 बजे गौकर्ण कथा, वराह अवतार, 2 जून को ध्रुव चरित्र, वामन अवतार, नरसिंह अवतार, 3 जून को श्रीराम अवतार, श्रीकृष्ण अवतार कथा, 4 जून को नंद उत्सव, बाल लीला, माखन चोरी कथा, 5 जून को गिरिराज कथा, रासलीला, 6 जून को रूक्मणि मंगल कथा, 7 जून को गीता हवन, पूर्णाहुति, परीक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा, शोभायात्रा होगी।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज